सेवा, दक्षता एवं पराक्रम

झंडा दिवस, 23 नवम्बर

# पुलिस झण्डा दिवस 2025





**राजीव कृष्णा**
आई.पी.एस.

# पुलिस महानिदेशक,
# उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक : नवम्बर 22, 2025

# सन्देश

प्रिय साथियों,

हम सभी अवगत हैं कि 23 नवम्बर, 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, अदम्य साहस तथा समर्पित सेवा के लिए **'पुलिस कलर'** अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

यह गौरव प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। पुलिस ध्वज दिवस केवल एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि हमारी विरासत, हमारे अनुशासन और हमारे कर्तव्यबोध का जीवंत प्रतीक है, जो हर वर्ष हमें बेहतर से बेहतर सेवा करने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे ध्वज को नमन कर रहे हैं, जो शौर्य से जन्मा, निष्ठा से पला, बलिदानों से सींचा गया है।

यह हमारी शौर्यगाथाओं की अमर धरोहर है, जो हमें हर क्षण अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है।

पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस केवल एक बल ही नहीं है, बल्कि 25 करोड़ उत्तर प्रदेश वासियों का विश्वास है।

**माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस ने –**

- कानून व्यवस्था को केवल बनाये रखने तक सीमित न रखकर, उसे एक सशक्त सामाजिक भरोसे में बदला है।
- जीरो टॉलरेंस नीति के साथ माफियाओं और संगठित अपराधियों का सफाया किया।
- ऑपरेशन कन्विक्शन के माध्यम से अपराधियों को कानून के शिकंजे में जकड़ा।
- ऑपरेशन त्रिनेत्र और ऑपरेशन पहचान के माध्यम से तकनीक को प्रहरी बनाकर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया है।
- मिशन शक्ति से अपनी महिला शक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की।
- मिशन शक्ति केन्द्र, महिला सुरक्षा व उनकी सहायता से एकल केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।
- UP 112, STF, ATS, ANTF जैसे विशेष बलों ने आधुनिक पुलिसिंग का एक नया अध्याय लिखा है।
- साइबर अपराध से लड़ाई को जहां एक ओर नं01930 के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के हाथों तक पहुंचाया है, वहीं प्रत्येक थाने पर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों तथा awareness के माध्यम से इसे जनजागरण का अभिन्न अंग बनाया गया है।
- रोड दुर्घटना में जनहानि को 50% कम करने में बीड़ा उठाया है तथा योजनाबद्ध रुप से इस ओर कार्य शुरु किया है।
- प्रशिक्षणरत 60,000 पुलिस कर्मियों के जिलों व थानों पर पहुंचने से पूर्व ही, इस विशाल बल में उनकी उपयोगिता व नागरिकों को बेहतर सर्विस तथा पूरे बल के समर्पण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिये अपने कदम बढ़ाये है।
- यह सिर्फ सुधार नहीं यह उत्तर प्रदेश पुलिस के पुनरुत्थान की कहानी है। मुझे गर्व है, अपने साथियों पर, अपने सहयोगियों पर, जिनके समर्थन, professionalism तथा कर्तव्यनिष्ठता के कारण से सभी प्रयोजन सिद्ध हो रहे हैं।

**आज इस ध्वज दिवस पर हम सभी पूरे विश्वास के साथ संकल्प लें कि–**

- उत्तर प्रदेश पुलिस को विश्व की सर्वश्रेष्ठ पुलिस बनाने के लिए हर दिन, हर पल हम पूरी ऊर्जा के साथ, पूरे विश्वास के साथ और पूरे professionalism के साथ न केवल लगातार आगे बढ़ते रहेंगे बल्कि अपने इस Goal को, इस ध्येय को प्राप्त करके ही दम लेंगे। हमारी इस यात्रा में उ0प्र0 पुलिस का ध्वज, हमारा पुलिस कलर एक ध्रुव तारे की तरह, हमारे इस अटल उद्देश्य को हमें हमेशा याद दिलाता रहेगा।

अंत में उ0प्र0 पुलिस में मेरे सभी साथियों व सहयोगियों को पुलिस झण्डा दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

**(राजीव कृष्णा)**
**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**